**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम**

**कक्षा : चतुर्थ** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा**

**नाम : ........................................ कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....**

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग (25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

..............................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में, पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में, (पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्न पत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटा प्रथम खंड हेतु + ½ द्विवतीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

..............................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

## (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5)

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।**

एक बार सुलेमान नाम के बादशाह आकाश में चलने वाले अपने उड़नखटोले पर बैठे कहीं जा रहे थे। बड़ी गर्मी थी। धूप से वह परेशान हो रहे थे। आकाश में उड़ने वाले गिद्धों से उन्होंने कहा कि अपने पंखों से तुम लोग मेरे सिर पर छाया कर दो। पर गिद्धों ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने बहाना बनाते हुए कहा, "कि हम तो इतने छोटे-छोटे हैं। हमारी गर्दन पर पंख भी नहीं हैं । हम छाया कैसे कर सकते हैं!"

1. गिद्धों की किनसे भेंट हुई?

I. सलमान से
II. सुलेमान से
III. गिद्धों से

2. सुलेमान ने गिद्धों से क्या मदद मांगी?

I. सिर पर छाया करने हेतु
II. उड़ने हेतु
III. साथ चलने हेतु

3. बादशाह का क्या नाम था?

I. अकबर
II. बीरबल
III. इनमें से कोई नहीं

4.बादशाह किस कारण परेशान हो रहे थे?

I. सर्दी से
II. गर्मी से
III. बरसात से

5. गिद्धों ने मना क्यों कर दिया?

I. वे काम से बचना चाहते थे।
II. वे किसी की मदद करना चाहते थे।
III. इनमें से कोई नहीं।

**(व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)**

6. 'खलीता' शब्द का इनमें से कौन सा अर्थ है?

I. अलमारी
II. पुस्तक
III. जेब या थैला

7. निम्नलिखित  में से सर्वनाम शब्द चुनिये।

I. तुम
II. नारियल
III. दुकान

8. दिए गए पर्यायवाची शब्द 'राकेश, निशापति, मयंक' किसके पर्यायवाची हैं ?

I. कमल
II. चाँद
III. सूर्य

## वर्तनी (1 x 2 = 2 अंक) (MCQs)

9.नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो, इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है ?

I. मैं नौ साल का हूँ इसलिए मैं ***बुद्ध*** हूँ!
II. मैं नौ साल का हूँ इसलिए मैं ***वृद्ध*** हूँ!

10. निम्न शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द सही है?

I. आदरणीय
II. आदर्णीय

.................................................................................................................

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )

**गद्य-पद्य संबंधी प्रश्न - प्रश्न क्र.11से13 तक** अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (1 x 3 = **3** अंक)

**प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक)

**रचनात्मक लेखन - प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक)

**सुलेख - प्रश्न क्र. 19** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक)

.................................................................................................................

11. भीखूभाई की पत्नी का क्या नाम था?

..........................................................................................................................

12. सुनीता कितने बजे सोकर उठी?

..........................................................................................................................

13. “मेरी तो किस्मत खुल गई, जितने नारियल चाहे तोड़ लूं” ऐसा किसने कहा?

..........................................................................................................................

14.बच्चों ने खाने पीने की चीज़ें छीकें में क्यों रखीं?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

15.धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

## <u>रचनात्मक लेखन</u>

16.आपने डाकिया को पत्र बांटते हुए अवश्य देखा होगा। अगर आप डाकिया होते तो क्या करते? इस बारे में आप कोई 2 वाक्य लिखिए।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

17. अगर आप बड़े होकर पशु चिकित्सक बन जाते हैं और एक बीमार गाय या बैल आपके दरवाजे पर आ जाता है तथा वह घायल भी है, तब आप उसके साथ क्या करेंगे और क्यों?

..........................................................................................................................

..............................................................................................................................

18. आपको पकवान बहुत अच्छे लगते होंगे। अगर आपको पकवान बनाने का मौका मिलता है तो आप कौन सा पकवान बनाएंगे? इसे बनाने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत पड़ सकती है ?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

## सुलेख

19. नीचे लिखे गद्यांश को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखो |

नैतिक शिक्षा मनुष्य के जीवन में बहुत आवश्यक है। सब पर दया करना, बड़ों का आदर करना, सच बोलना, आदि कार्य नैतिक शिक्षा कहलाते हैं।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

**कक्षा : चतुर्थ** **विषय : हिन्दी**

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

### (पठन)

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

1.हुदहुदों के मुखिया की किनसे भेंट हुई?

सुलेमान से

2. सुलेमान ने हुदहुदों के मुखिया से क्या मदद मांगी?

सिर पर छाया करने हेतु

3. बादशाह का क्या नाम था?

इनमें से कोई नहीं

4.बादशाह किस कारण परेशान हो रहे थे?

गर्मी से

5. गिद्धों ने मना क्यों कर दिया?

वे काम से बचना चाहते थे।

### (व्याकरण)

6. 'खलीता' शब्द का इनमें से कौन सा अर्थ है?

ज़ेब या थैला

7. निम्नलिखित में से सर्वनाम शब्द चुनिये।

तुम

8. दिए गए पर्यायवाची शब्द ‘राकेश, निशापति, मयंक’ किसके पर्यायवाची हैं ?

चाँद

**(वर्तनी)**

9. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं उनमें से रेखांकित शब्द को ध्यान से देखो इन वाक्यों में कौन सा वाक्य सही है?

मैं नौ साल का हूँ इसलिए मैं ***बुद्ध*** हूँ।

10. निम्न शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द सही है?

आदरणीय

.........................................................................................................................

**द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक**
**(गद्य एवं पद्य)**

**प्रश्न 11 से 13 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

11. भीखूभाई की पत्नी का क्या नाम था?

लाभुबेन

12. सुनीता कितने बजे सो कर उठी?

सात बजे

13. 'मेरी तो किस्मत खुल गई, जितने नारियल चाहे तोड़ लूं। ऐसा  किसने कहा?

भीखूभाई

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

14.बच्चों ने खाने पीने की चीज़ें छीकें में क्यों रखी?

ताकि बिल्ली वहाँ तक न पहुँच सके।

15.धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?

बकरी को घास खिलाकर, पानी पिलाकर और समय पर नहलाकर कर उसकी देखभाल करता है।

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**

## (सुलेख)

**प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**